# कार्यालय महानिदेशक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर

## एसीबी ने कनिष्ठ लिपिक को **20** हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर 29 मई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय ,जयपुर शहर प्रथम टीम ने मंगलवार को कार्यवाही करते हुए जयपुर नगर निगम ,जोन-आमेर में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक जगदीश सेन को 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी श्याम शर्मा ने एसीबी मुख्यालय ,जयपुर में यह शिकायत दी कि नगर निगम जोन आमेर में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक जगदीश सेन उससे उसके मकान का पट्टा जारी करने की एवज में 80 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस श्री आलोक शर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवा कर आज कार्यवाही करते हुए नगर निगम जोन आमेर के कनिष्ठ लिपिक जगदीश सेन को प्रथम किस्त के रूप में 20 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है